भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2204
सोमवार, 9 दिसम्बर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन**

**†2204. श्री कामाख्या प्रसाद तासाः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि सरकार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन का संवर्धन करने के लिए पर्याप्त सेवाएं प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर-पूर्वी राज्यों में पिछले वर्ष के दौरान आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के विकास के लिए बाधा मुक्त वातावरण बनाने हेतु उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय कार्यक्रमों, सोशल मीडिया हैंडल और अभियानों सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत में पर्यटन को बढ़ावा देता है। देश में अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल के माध्यम से पर्यटन स्थलों की जानकारी को बढ़ावा दिया जाता है। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल (www.incredibleindia.gov.in) पर अतुल्य भारत कंटेंट हब लॉन्च किया है। अतुल्य भारत कंटेंट हब का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाली छवियाँ, फिल्में, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक व्यापक डिजिटल भंडार प्रदान करना है, जिसे दुनिया भर में उद्योग के हितधारकों (ट्रैवल मीडिया, टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट) द्वारा आसानी से एक्सेस किया जा सकता है और जो कि उनके सभी विपणन और प्रचार संबंधी प्रयासों में अतुल्य भारत के संवर्धन के लिए आवश्यक है।

पर्यटन मंत्रालय भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का आयोजन करता रहा है। आईटीएम का नवीनतम संस्करण 26 से 29 नवंबर, 2024 तक असम के काजीरंगा में आयोजित किया गया।

पर्यटन मंत्रालय, गुवाहाटी और शिलांग स्थित अपने केन्द्रीय होटल प्रबंध संस्थानों (सीआईएचएम) के माध्यम से, जो स्वायत्त निकाय हैं, मात्रात्मक और गुणात्मक दोनों रूप से

पर्यटन और आतिथ्य उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त जनशक्ति का एक पूल सृजित करने हेतु आतिथ्य के क्षेत्र में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करता है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) की अपनी योजना के तहत विभिन्न स्तरों के आतिथ्य क्षेत्र को कवर करते हुए पर्यटन सेवा प्रदाताओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और प्रमाणन प्रदान करने के लिए विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन, स्वदेश दर्शन 2.0, प्रशाद और पर्यटन अवसंरचना विकास की योजनाओं के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता की योजनाओं के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु परियोजनाएं मंजूर की हैं।

भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25' (एसएएससीआई) के तहत पर्यटन परियोजनाओं को भी मंजूरी प्रदान की है।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): वर्ष 2023 के दौरान उत्तर पूर्वी राज्यों में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **2023** | |
|---|---|---|---|
| | | **डीटीवी** | **एफटीवी** |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 10,40,601 | 4,496 |
| 2 | असम | 76,12,720 | 23,818 |
| 3 | मणिपुर | 57,701 | 3,668 |
| 4 | मेघालय | 13,71,674 | 19,973 |
| 5 | मिजोरम | 2,09,087 | 3,754 |
| 6 | नागालैंड | 99,720 | 4,725 |
| 7 | सिक्किम | 13,21,169 | 93,908 |
| 8 | त्रिपुरा | 3,66,104 | 66,708 |
| | **कुल** | **1,20,78,776** | **2,21,050** |

स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पर्यटन विभाग

(घ): पर्यटन गंतव्य के विकास के लिए प्रभावी और पर्याप्त कनेक्टिविटी एक महत्वपूर्ण पहलू है। इस उद्देश्य से, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार ने आरसीएस-उड़ान योजना शुरू की है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य इसे कम खर्चीला बनाते हुए क्षेत्रीय हवाई संपर्क को सुविधाजनक / प्रोत्साहित करना है। पर्यटन मंत्रालय ने प्रतिष्ठित गंतव्यों सहित महत्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यों के लिए कनेक्टिविटी में और सुधार करने के उद्देश्य से चैंपियन सर्विस सेक्टर स्कीम

(सीएसएसएस) के तहत वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ समन्वय किया है।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्य से निम्नलिखित मार्गों को पर्यटन आरसीएस मार्गों में शामिल किया गया है:-

| **क्र.सं.** | **मार्ग** |
|---|---|
| 1. | डिब्रूगढ़ से दीमापुर |
| 2. | दीमापुर से डिब्रूगढ़ |
| 3. | दीमापुर से इम्फाल |
| 4. | इम्फाल से दीमापुर |
| 5. | अगरतला से आइजोल |
| 6. | आइज़ोल से अगरतला |
| 7. | डिब्रूगढ़ से इम्फाल |
| 8. | इम्फाल से डिब्रूगढ़ |
| 9. | होलोंगी (अरुणाचल प्रदेश से गुवाहाटी) |
| 10. | गुवाहाटी से होलोंगी (अरुणाचल प्रदेश) |

*******

**अनुबंध**

श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन के संबंध में दिनांक 09.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2204 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा- सेप्पा- पप्पू, पासा, पक्के घाटियों- संगदूपोटा- न्यू सागली- जीरो- योम्चा का विकास | 96.72 |
| 3. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबिटोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू- सैखोवा का विकास | 94.68 |
| 4. | असम | हेरिटेज परिपथ 2016-17 | तेजपुर - माजुली - शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 5. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर में पर्यटक: इम्फाल-खोंगजोम परिपथ का विकास | 72.23 |
| 6. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉयगोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोडन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 |
| 7. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | उमियम (लेक व्यू), यू लुमसोहपेटबनेंग- मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिज़ॉर्ट का विकास | 99.13 |
| 8. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | पश्चिम खासी पहाड़ियां (नोंगखलाव- क्रेमतिरोट - खुदोई और कोहमांग जलप्रपात - खरी नदी- मावथाद्रैशान, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी जलप्रपात- शिरमांग- आयोक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टाबील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 9. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और दक्षिण ज़ोटे, जिला सेरछिप और रईक का विकास। | 92.26 |
| 10. | मिजोरम | इको परिपथ | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रॉपुइचिप | 66.37 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकावर्मुइटुएटलांग - मुथी - बेरतलाविंग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | |
| 11. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन-कोहिमा-वोखा का विकास | 97.36 |
| 12. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग-तुएनसांग-सोम का विकास | 98.14 |
| 13. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ (प्रवेश) - रोराथांग- अरितार- फादमचेन- नाथांग-शेरथांग- सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन- थांगू- गुरुडोंगमर- मंगन- गंगटोक-तुमिनलिंगी- सिंगतम (निकास) का विकास | 98.05 |
| 14. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2016-17 | सिंगताम-माका-टेमी-बेरमोइकटोकल- फोंगिया- नामची-जोर्थांग- ओखरे- सोम्बरिया-दारमदीन- जोरेथांग- मेल्ली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 95.32 |
| 15. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला - सिपाहीजाला - मेलाघर - उदयपुर - अमरपुर - तीर्थमुख - मंदिरघाट - डंबूर - नारिकेल कुंजा- गंडाचारा- अंबासा का विकास | 82.85 |
| 16. | त्रिपुरा | उत्तर पूर्वी परिपथ 2018-19 | सुरमा चेरा- उनाकोटी- जम्पुई हिल्स- गुनाबती-भुवनेश्वरी- नीरमहल- बॉक्सनगर- चोट्टाखोला- पिलक-अवंगाचर्रा का विकास | 44.83 |

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रू. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 05-03-2024 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 05-03-2024 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 05-03-2024 |
| 4 | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 05-03-2024 |
| 5 | असम | जोरहाट | रिइमेजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 05-03-2024 |
| 6 | मेघालय | सोहरा | वाटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 05-03-2024 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 04-03-2024 |
| 8 | नागालैंड | चुमौकेदिमा | चुमुकोदिमा व्यू पाइंट पर इको-टूरिज्म एक्सपीरियंस | 7.87 | 20-08-2024 |
| 9 | नागालैंड | चुमुकोदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव | 21.56 | 05-03-2024 |
| 10 | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 05-03-2024 |
| 11 | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 29-02-2024 |

**प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| 2 | असम | कामाख्या मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| 3 | मेघालय | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 |
| 4 | मिजोरम | चिते वांग, जुआंगताई, रईक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 |
| 5 | नागालैंड | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा के अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 |
| 6 | | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| 7 | सिक्किम | चार संरक्षक संतों युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| 8 | त्रिपुरा | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 |

**'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | असम (नेमती, पांडु, जोगीघोपा और बिश्वनाथघाट) | 2019-20 | पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या -2 (ब्रह्मपुत्र) में 4 जेट्टियों के विकास को जारी रखने के लिए मंजूरी दी | 28.03 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | मिजोरम | 2020-21 | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना का विकास | 39.95 |
| 3. | एनईआर | 2022-23 | उत्तर पूर्वी राज्यों में 22 व्यूपॉइंटों का विकास<br>(i) नागालैंड (2 व्यूपॉइंट)<br>(ii) मेघालय (3 व्यूपॉइंट)<br>(iii) मिजोरम (9 व्यूपॉइंट)<br>(iv) अरुणाचल प्रदेश (4 व्यूपॉइंट)<br>(v) मणिपुर (3 व्यूपॉइंट)<br>(vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यूपॉइंट) | 44.44 |
| 4. | असम | 2018-19 | कामाख्या रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 4.96 |
| 5. | असम | 2018-19 | गुवाहाटी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 4.99 |

**एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रू. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | सियांग एडवेंचर एंड इको-रिट्रीट, पासीघाट | 46.48 |
| 2. | असम | असम राज्य जू सह बॉटनिकल गार्डन, गुवाहाटी | 97.12 |
| 3. | असम | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 4. | मणिपुर | लोकटक झील एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 5. | मेघालय | मावखानू, शिलांग में एमआईसीई इन्फ्रास्ट्रक्चर | 99.27 |
| 6. | मेघालय | उमियम झील, शिलांग का पुनर्विकास | 99.27 |
| 7. | सिक्किम | स्काईवॉक, भालेधुंगा, यांगंग, नामची | 97.37 |
| 8. | सिक्किम | बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला | 68.19 |
| 9. | त्रिपुरा | 51 शक्ति पीठ पार्क, बंदुआर, गोमती | 97.70 |

*******